पदनाम	नियुक्त कर्मचारी		वेतनमान
	हिन्दी कतरनों के लिए	अंग्रेजी कतरनों के लिए	
सूचना सहायक	5	2	270-10-290-15-410-द.अ. 15-485 रुपये
सहायक/ उच्च श्रेणी लिपिक	4	—	सहायक-210-10-270-15-300 द.अ. 15-450-द. अ.-20-530 रुपये उच्च श्रेणी लिपिक : 130-5-160-8-200-द.अ.-8-280 रुपये
लिपिक	1	—	110-3-131-4-155-द. अ.-4-175-5-180 रुपये
दफतरी	12	2	75-1-85-द.अ.-2-95 रुपये
चपरासी	1	—	70-1-80-द.अ.-1-80 रुपये

प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया और समाचार भारती को वित्तीय सहायता

1182. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री 18 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4959 के उत्तर के सम्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रैस ट्रस्ट आफ इण्डिया तथा 'समाचार भारती' को दूसरी किश्तों का भुगतान करने के सम्बन्ध में इस बीच विचार किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो किश्तों का कब भुगतान किया गया था और वे किश्तें कितनी राशि की थीं ;

(ग) यदि नहीं, तो बिलम्ब के क्या कारण हैं और इसका भुगतान कब तक किये जाने की सम्भावना है ;

(घ) क्या उपकरण खरीदने के लिये 'हिन्दुस्तान समाचार' को ऋण देने के प्रश्न पर इस बीच विचार किया गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :

(क) से (ग) प्रैस ट्रस्ट आफ इण्डिया को 12 लाख रुपए और समाचार भारती को 75,000 रुपए की ऋण की दूसरी किश्तों को रिलीज़ करने की वित्तिय मंजूरियां पहले ही दी जा चुकी हैं, और उनके जनरल मैनेजरों को ट्रेज़री से अपनी-अपनी राशियां लेने के लिए अधिकृत कर दिया गया है।

(घ) और (ङ). मामला विचाराधीन है।

वैदेशिक सेवाओं में हिन्दी प्रसारण

1183. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री, 18 दिसम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 820 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के विदेश सेवा प्रसारणो में अंग्रेजी प्रसारण की तुलना में हिन्दी

प्रसारण के लिए बहुत कम समय नियत किया गया है ;

(ख) क्या सरकार का विचार हिन्दी तथा अंग्रेजी प्रसारणों के लिए बराबर समय नियत करने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ०कु० गुजराल) : (क) वैदेशिक सेवा कार्यक्रम का मुख्य कार्य विदेशों के श्रोताओं तक उनकी ही भाषा में पहुँचना है। आकाशवाणी की अंग्रेजी में जनरल ओवरसीज सर्विस ही एक मात्र विश्व सेवा है और यह विदेशों में सभी अंग्रेजी जानने वाले श्रोताओं के लिए है। हिन्दी में कार्यक्रम और इस मामले में अन्य भारतीय भाषाओं में कार्यक्रम विदेशो में रहने वाले उन लोगो के लिए हैं जो भारतीय हैं या प्रवासी भारतीय हैं। वैदेशिक सेवा के दृष्टिकोण से यह एक अलग ही श्रेणी के श्रोता हैं। अंग्रेजी और हिन्दी को जो समय अलाट किया जाता है उसका निर्णय विभिन्न कसौटियों के आधार पर किया जाता है और दोनों की तुलना सार्थक नहीं है।

(ख) जी, नहीं

(ग) जैसे ऊपर (क) में बताये गये हैं।

फिल्म सेंसर नियमों सम्बन्धी जांच समिति

1184. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 3 अप्रैल 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 1023 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फिल्मों की सेंसरशिप के प्रश्न की जांच के लिए नियुक्त जांच समिति अपना प्रतिवेदन कब तक पेश कर देगी ; और

(ख) इस समिति के सदस्यों के चयन के लिए क्या कसौटी अपनाई गई है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ०कु० गुजराल) : (क) फिल्म सेंसरशिप सम्बन्धी जांच समिति को आशा है कि वह अपनी रिपोर्ट यदि पहले नहीं तो 31 मई तक पेश कर देगी।

(ख) चयन की कसौटी (1) सार्वजनिक मामलों का ज्ञान (2) शिक्षा (3) कलाएं और (4) फिल्म में जानी मानी प्रसिद्धि थी।

Akashvani Magazines

1185. SHRI GADILINGANA GOWD : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) The number of "AKASHVANI" magazines published languagewise during the years 1967 and 1968 and the cost thereof ;

(b) the total amount of sale effected during the years ;

(c) the number of maganizes left language-wise unsold ; and

(d) The steps taken to avoid losses on this account ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) to (d) : The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Closure of Suez Canal

1186. SHRI GADILINGANA GOWD :
SHRI BHARAT SINGH CHAUHAN :
SHRI HUKUM CHAND KACHWAI :

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) Whether it is a fact that India is incurring additional expense on account of higher freight charges as a result of closure of Suez Canal ; and

(b) if so, the additional freight charges incurred during the year 1968 ?